अनुक्रमांक : ________________ नाम : ____________________

**932** **825(EY)**

# 2023
# सामाजिक विज्ञान
## (Social Science)
**(Hindi and English versions)**

**मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 12**

**समय : तीन घण्टे 15 मिनट** **पूर्णांक : 70**

**नोट :** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

**Note:** First 15 minutes are allotted for the candidates to read the question paper.

**निर्देश :**

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) इस प्रश्नपत्र के दो खण्ड, खण्ड अ तथा खण्ड - ब हैं।

(iii) खण्ड - अ में 1 अंक के 20 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं जिनके उत्तर ओ० एम० आर० उत्तर पत्रक पर देने हैं।

(iv) खण्ड - अ के प्रत्येक प्रश्न का निर्देश पढ़कर केवल प्रदत्त ओ० एम० आर० उत्तर पत्रक पर ही उत्तर दें। ओ० एम० आर० उत्तर पत्रक पर उत्तर देने के पश्चात उसे नहीं काटें तथा इरेजर अथवा ह्वाइटनर का प्रयोग न करें।

(v) प्रश्न के अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।

(vi) खण्ड - ब में 50 अंक के वर्णनात्मक प्रश्न हैं। इस खण्ड में वर्णनात्मक-I, वर्णनात्मक-II तथा मानचित्र सम्बन्धी दो प्रश्न हैं।

(vii) खण्ड - ब में सभी प्रश्नों के उत्तर एक साथ ही करें।

(viii) प्रथम प्रश्न से आरम्भ कीजिए तथा अन्तिम प्रश्न तक करते जाइए। जो प्रश्न न आता हो उस पर समय नष्ट न कीजिए।

(ix) दिए गए मानचित्रों को उत्तर-पुस्तिका के साथ मजबूती से संलग्न करना आवश्यक है।

(x) दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए मानचित्र कार्य के स्थान पर अलग से प्रश्न 9 (A) तथा 9 (B) लिखने के लिए दिए गये हैं।

**Instructions:**

(i) All questions are compulsory.

(ii) This question paper has two Parts - Part-A and Part-B.

(iii) Part-A consists of 20 multiple choice questions of one mark each that have to be answered on OMR Answer Sheet.

(iv) For Part-A read the question-wise instructions and mark your answer on the given OMR Answer Sheet only. Do not erase, cut or use whitener on the OMR Answer Sheet after answering.

(v) Marks of the questions are mentioned against them.

(vi) Part-B consists of descriptive type questions of 50 marks. There are Descriptive-I, Descriptive-II and two map related questions in this part.

(vii) All the questions of Part-B are to be attempted all at a time.

(viii) Start from the first question and go up to the last question. Do not waste your time on the question you cannot solve.

(ix) Attach firmly the supplied maps in your answer-book.

(x) For visually impaired examinees Question Nos. 9(A) and 9(B) have been given separately for writing answers in lieu of map work.

## खण्ड - अ

## PART - A

**(बहुविकल्पीय प्रश्न / Multiple Choice Type Questions)**

**निर्देश :** नीचे दिए गए प्रश्नों के प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प दिए गए हैं। सही विकल्प चुनकर उसे OMR उत्तर पत्रक पर चिह्नित करें :

**Instruction:** Four alternatives are given for each of the following questions. Choose the correct alternative and mark on OMR answer sheet: **$1 \times 20 = 20$**

1. निम्नलिखित में से कौन-सा 1804 के नेपोलियन कोड में नहीं जोड़ा गया था ? **1**

   (A) जन्म से प्राप्त विशेषाधिकार

   (B) सामन्ती व्यवस्था का अन्त

   (C) सम्पत्ति का अधिकार

   (D) कानून के समक्ष समानता

   Which one of the following was not included in the Napoleonic code of 1804 ? **1**

   (A) Privilege based on birth

   (B) Abolished the feudal system

   (C) Right to property

   (D) Equality before law

2. फ्रांस की क्रान्ति कब हुई थी ? **1**

   (A) 1689

   (B) 1779

   (C) 1789

   (D) 1889

   When did French Revolution take place ? **1**

   (A) 1689

(B) 1779

(C) 1789

(D) 1889

3. 1861 में एकीकृत इटली का सम्राट किसे घोषित किया गया ? **1**

(A) इमैनूएल द्वितीय

(B) ज्यूसेपे मेत्सिनी

(C) विलियम प्रथम

(D) ज्यूसेपे गैरीबाल्डी

Who among the following was proclaimed first Emperor of unified Italy in 1861 ? **1**

(A) Emmanuel II

(B) Giuseppe Mazzini

(C) William I

(D) Giuseppe Garibaldi

4. बेल्जियम कहां स्थित है ? **1**

(A) अफ्रीका

(B) एशिया

(C) आस्ट्रेलिया

(D) यूरोप

Where is Belgium situated ? **1**

(A) Africa

(B) Asia

(C) Australia

(D) Europe

5. 1929 में आर्थिक महामंदी का मुख्य कारण क्या था ? **1**

(A) कृषि क्षेत्र में अधिक उत्पादन

(B) अत्यधिक निवेश

(C) बैंकों का निजीकरण

(D) उद्योगों की संख्या में वृद्धि

What was the main cause of 'Great Depression' in 1929 ? **1**

(A) Excessive production in agricultural sector

(B) Excessive investment

(C) Privatization of banks

(D) Increase in the number of industries

6. अफ्रीका में 'रिंडरपेस्ट' क्या था ? **1**

(A) एक जानवर

(B) एक घटना

(C) एक खेल

(D) एक बीमारी

What was 'rinderpest' in Africa ? **1**

(A) An animal

(B) An incident

(C) A sport

(D) A disease

7. निम्नलिखित में से कौन सा राज्य सूची का विषय है ? **1**

(A) मुद्रा

(B) विदेशी कार्य

(C) बैंकिंग

(D) व्यापार

Which of the following is a subject of the State List ? **1**

(A) Currency

(B) Foreign affairs

(C) Banking

(D) Commerce

8. निम्नलिखित में संघात्मक शासन कहाँ नहीं है ? **1**

(A) भारत

(B) श्रीलंका

(C) बेल्जियम

(D) संयुक्त राज्य अमेरिका

In which of the following is there no Federal Government ? **1**

(A) India

(B) Sri Lanka

(C) Belgium

(D) U. S. A.

9. निम्नलिखित में से किसका सम्बन्ध लोकतंत्र से नहीं है ? **1**

(A) स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन

(B) उत्तरदायी शासन

(C) कानून के समक्ष समानता

(D) बहुसंख्यकों का शासन

Which of the following is not related to democracy ? **1**

(A) Independent and impartial election

(B) Responsible government

(C) Equality before law

(D) Rule of majority

10. निम्नलिखित में से कौन-सी संघात्मक शासन की विशेषता नहीं है ? **1**

(A) शक्तियों का वितरण

(B) शक्तियों का केन्द्रीकरण

(C) सर्वोच्च न्यायपालिका

(D) कठोर संविधान

Which one of the following is not a feature of a Federal Government ? **1**

(A) Distribution of powers

(B) Centralization of powers

(C) Supreme judiciary

(D) Rigid constitution

11. कपास की खेती के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी मिट्‌टी उपयुक्त है ? **1**

(A) लाल मिट्‌टी

(B) लेटेराइट मिट्‌टी

(C) काली मिट्‌टी

(D) जलोढ़ मिट्‌टी

Which one of the following soils is suitable for cotton cultivation ? **1**

(A) Red soil

(B) Laterite soil

(C) Black soil

(D) Alluvial soil

12. कर्तन एवं दहन कृषि (झूम कृषि) निम्नलिखित में से किस राज्य में अपनायी जाती है ? **1**

(A) राजस्थान

(B) उत्तर प्रदेश

(C) मिजोरम

(D) उत्तराखण्ड

In which one of the following states is slash and burn (Jhum agriculture) practised ? **1**

(A) Rajasthan

(B) Uttar Pradesh

(C) Mizoram

(D) Uttarakhand

13. निम्नलिखित खनिजों में से कौन-सा एक आधारभूत खनिज है ? **1**

(A) अभ्रक

(B) मैंगनीज

(C) लौह अयस्क

(D) ताँबा

Which one of the following is a basic mineral ? **1**

(A) Mica

(B) Manganese

(C) Iron ore

(D) Copper

14. निम्नलिखित में से कौन-सा ऊर्जा का परम्परागत स्रोत है ? **1**

(A) कोयला

(B) पवन ऊर्जा

(C) सौर ऊर्जा

(D) ज्वारीय ऊर्जा

Which of the following is a conventional source of energy ? **1**

(A) Coal

(B) Wind energy

(C) Solar energy

(D) Tidal energy

15. निम्नलिखित में से कौन-सा उद्योग बाक्साइट को कच्चे माल के रूप में प्रयोग करता है ? **1**

(A) कागज

(B) लौह एवं इस्पात

(C) एल्यूमिनियम

(D) सीमेंट

Which one of the following industries uses bauxite as raw material ? **1**

(A) Paper

(B) Iron and steel

(C) Aluminium

(D) Cement

16. निम्नलिखित में से कौन-सा एक विकसित देश है ? **1**

(A) भारत

(B) ब्राजील

(C) फ्रांस

(D) बांग्लादेश

Which of the following is a developed country ? **1**

(A) India

(B) Brazil

(C) France

(D) Bangladesh

17. किसी देश के विकास को निर्धारित करने का आधार ....... है। **1**

(A) स्वास्थ्य एवं शिक्षा का स्तर

(B) प्रति व्यक्ति आय

(C) व्यक्तियों का साक्षरता स्तर

(D) इनमें से सभी

The parameter to determine the development of a country is ....... **1**

(A) Level of health and education

(B) Per capita income

(C) Level of literacy of the people

(D) All of these

18. निम्नलिखित में से कौन-सा ग्रामीण क्षेत्र के विकास का लक्षय है ? **1**

(A) नियमित कार्य

(B) उपज की उचित कीमत

(C) बेहतर मजदूरी

(D) इनमें से सभी

Which of the following is an objective of development of rural sector ? **1**

(A) Regular work

(B) Appropriate price of the produce

(C) Better wage

(D) All of these

19. निम्न में से किसको कृषि एवं सहायक क्षेत्रक भी कहते हैं ? **1**

(A) प्रारंभिक क्षेत्रक

(B) द्वितीयक क्षेत्रक

(C) तृतीयक क्षेत्रक

(D) चतुर्थक क्षेत्रक

Which one of the following is also called agriculture and subsidiary sector ? **1**

(A) Primary sector

(B) Secondary sector

(C) Tertiary sector

(D) Quaternary sector

20. निम्नलिखित में से किस वर्ष में उपभोक्ता सुरक्षा अधिनियम पारित किया गया ? **1**

(A) 1976

(B) 1996

(C) 1986

(D) 1966

In which one of the following years was Consumer Protection Act enacted ? **1**

(A) 1976

(B) 1996

(C) 1986

(D) 1966

## खण्ड - ब
## PART - B
## (वर्णनात्मक - I / Descriptive - I)

(निम्न प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक लगभग 80 शब्दों में दीजिए। / Write answers of these questions in about 80 words each.)

1. प्रौद्योगिकी ने वैश्वीकरण की प्रक्रिया को किस प्रकार बढ़ावा दिया है ? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। **2 + 2 = 4**

**अथवा / OR**

प्रथम विश्वयुद्ध के पश्चात होनेवाली आर्थिक महामंदी का भारत पर क्या प्रभाव पड़ा ? **4**

*How has technology stimulated the globalisation process ? Explain it with examples.* **2 + 2 = 4**

*OR*

*What was the effect of the Great Economic Depression on India after the First World War ?* **4**

2. भारत में संघीय शासन की किन्हीं दो विशेषताओं की विवेचना कीजिए। **2 + 2 = 4**

**अथवा / OR**

सत्ता की साझेदारी क्यों आवश्यक है ? व्याख्या कीजिए। **2 + 2 = 4**

*Discuss any two characteristics of federal government in India.* **2 + 2 = 4**

*OR*

*Why is power sharing desirable ? Explain.* **2 + 2 = 4**

3. भारत में भूमि उपयोग के प्रमुख प्रारूपों की विवेचना कीजिए। **4**

**अथवा / OR**

संसाधन नियोजन की आवश्यकता क्यों पड़ती है ? इस हेतु कोई तीन उपाय सुझाइए। **1 + 3 = 4**

*Discuss the main land use patterns in India.* **4**

*OR*

*Why is resource planning necessary? Suggest any three measures for it.* **1 + 3 = 4**

4. आर्थिक गतिविधियों को रोजगार की परिस्थितियों के आधार पर कैसे वर्गीकृत की जाती हैं ? **4**

**अथवा / OR**

राष्ट्रीय ग्राम रोजगार गारंटी अधिनियम (2005) पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। **4**

*How are economic activities classified on the basis of employment conditions?* **4**

*OR*

*Write a short note on National Rural Employment Guarantee Act (2005).* **4**

**(वर्णनात्मक - II / Descriptive - II)**

(निम्न प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक लगभग 150 शब्दों में दीजिए। / Write answers of these questions in about 150 words each.)

5. नेपोलियन कौन था ? उसके सुधार क्या थे ? उसके सुधारों का क्या प्रभाव पड़ा ? **2 + 2 + 2 = 6**

**अथवा / OR**

सविनय अवज्ञा आन्दोलन का क्या अर्थ है ? इसे क्यों चलाया गया ? इसका क्या प्रभाव पड़ा ? **2 + 2 + 2 = 6**

*Who was Napoleon ? What were his reforms ? What was the effect of his reforms ?* **2 + 2 + 2 = 6**

*OR*

*What do you mean by civil disobedience movement ? Why was it launched? What was its effect ?* **2 + 2 + 2 = 6**

6. "भारत में कभी-कभी चुनाव जातियों पर ही निर्भर करते हैं।" क्यों ? इस स्थिति से छुटकारा पाने के सुझाव दीजिए। **3 + 3 = 6**

**अथवा / OR**

"लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था अन्य शासन व्यवस्थाओं से बेहतर है।" कारणों को स्पष्ट कीजिए। **6**

*"Sometimes elections are all about castes in India." Why ? Suggest measures to get rid of them.* **3 + 3 = 6**

*OR*

*Democratic government is better than other types of Government." Explain its causes.* **6**

7. किसी अर्थव्यवस्था में कृषि का क्या महत्व है ? समझाइए। **6**

**अथवा / OR**

चावल की खेती हेतु उपयुक्त भौगोलिक दशाओं की विवेचना कीजिए तथा भारत में किन्हीं तीन प्रमुख उत्पादन क्षेत्रों का उल्लेख कीजिए। **3 + 3 = 6**

*What is the importance of Agriculture in an economy ? Explain.* **6**

*OR*

*Discuss the suitable geographical conditions for the cultivation of rice and mention any three main areas of production in India.* **3 + 3 = 6**

8. वैश्वीकरण किसे कहते हैं ? वैश्वीकरण को सम्भव बनाने वाले कारकों की विवेचना कीजिए। **2 + 4 = 6**

**अथवा / OR**

उपभोक्ता के अधिकारों से आप क्या समझते हैं ? उपभोक्ता सुरक्षा अधिनियम (1986) की उपयोगिता की भी विवेचना कीजिए। **3 + 3 = 6**

*What is globalisation ? Discuss the factors that have enabled globalisation.* **2 + 4 = 6**

*OR*

*What do you understand by the rights of consumers ? Discuss the usefulness of Consumers Protection Act (1986) also.* **3 + 3 = 6**

**(मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न / Map Work)**

**निर्देश :** प्रश्न संख्या 9(A) तथा 9(B) मानचित्र से संबंधित हैं। **Instruction:** Question Nos. 9(A) and 9(B) are related to map.

**9(A).** निम्नलिखित स्थानों को भारत के दिये गये रेखा मानचित्र में चिह्न द्वारा नाम सहित दर्शाइए। सही नाम तथा सही अंकन के लिये $\frac{1}{2}, \frac{1}{2}$ अंक निर्धारित हैं :

(i) वह स्थान जहाँ 1927 में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का अधिवेशन हुआ। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(ii) वह स्थान जहाँ गाँधीजी ने नमक बनाना प्रारंभ किया। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iii) वह स्थान जहाँ सूती मिल श्रमिकों ने सत्याग्रह किया। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iv) वह स्थान जहाँ जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड हुआ। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) वह स्थान जहाँ से 1920 में असहयोग आन्दोलन का उद्घोष हुआ। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

*In the given outline map of India, locate the following places by the symbol with names. For correct mention of name and location $\frac{1}{2}, \frac{1}{2}$ marks have been allotted:*

(i) The place where the session of Indian National Congress held in 1927. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(ii) The place where Gandhiji started making salt. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iii) The place where cotton mill workers launched Satyagraha movement. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iv) The place where the Jallianwala Bagh tragedy took place. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) The place from where Non-cooperation Movement started in 1920. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

**9(B).** निर्देश : दिये गये भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए :

(i) राजस्थान की राजधानी चिह्न द्वारा नाम सहित। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(ii) महानदी पर निर्मित एक बाँध चिह्न द्वारा नाम सहित। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iii) उत्तर भारत की एक प्रमुख नदी चिह्न द्वारा नाम सहित। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(iv) भारत के किसी एक परमाणु ऊर्जा केन्द्र चिह्न द्वारा नाम सहित। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(v) दक्षिण भारत में कहवा उत्पादक कोई एक राज्य चिह्न द्वारा नाम सहित। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

*Instruction: Show the following in the given map of India :*

(i) The capital of Rajasthan by symbol with name. $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(ii) A dam built on Mahanadi by symbol with name. $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(iii) An important river of North India by symbol with name. $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(iv) An atomic energy centre of India by symbol with name. $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(v) A coffee producing state of South India by symbol with name. $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

**(केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिये मानचित्र कार्य के विकल्प के रूप में)**

**9(A).** निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। मानचित्र का प्रयोग न कीजिए।

(i) भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का 1927 में अधिवेशन कहाँ हुआ था ? **1**

(ii) गाँधीजी ने नमक आन्दोलन कहाँ से प्रारंभ किया था ? **1**

(iii) सूती मिल श्रमिकों ने कहाँ सत्याग्रह आन्दोलन किया था ? **1**

(iv) जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड कहाँ हुआ था ? **1**

(v) असहयोग आन्दोलन का उद्घोष 1920 में कहाँ से प्रारंभ हुआ था ? **1**

*(Only for visually impaired examinees in lieu of Map work)*

**9(A). Instruction: Write answers of the following in your answer-book. Do not use the map.**

(i) Where was the session of Indian National Congress held in 1927 ? **1**

(ii) From where did Gandhiji start Salt Movement ? **1**

(iii) Where did cotton mill workers launch their Satyagraha Movement ? **1**

(iv) Where did Jallianwala Bagh incident take place ? **1**

(v) From where did Non-Cooperation Movement start in 1920 ? **1**

**9(B).** निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। मानचित्र का प्रयोग न कीजिए।

(i) राजस्थान की राजधानी नगर का नाम लिखिए। **1**

(ii) महानदी पर निर्मित बाँध का नाम लिखिए। **1**

(iii) उत्तर भारत की एक प्रमुख नदी का नाम लिखिए। **1**

(iv) भारत का एक प्रमुख परमाणु ऊर्जा केन्द्र का नाम लिखिए। **1**

(v) दक्षिण भारत में काफी उत्पादक एक राज्य का नाम लिखिए। **1**

*9(B). Instruction: Write answers of the following questions in your answer-book. Do not use the map.*

(i) Write the name of the capital city of Rajasthan. **1**

(ii) Write the name of the dam built on Mahanadi. **1**

(iii) Write the name of an important river of North India. **1**

(iv) Write the name of an atomic energy centre of India. **1**

(v) Write the name of a coffee producing state of South India. **1**